माघ शुक्ल पक्ष-10, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 260 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
05 मार्च 2024 मंगलवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले बढ़ी सरगर्मियां...

# अयोध्या से महाकाल:सियासत व श्रध्दा

## भाजपा-सीएम के गढ़ पहुंची न्याय यात्रा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस और भाजपा की बीच लोकसभा चुनाव की जंग हालिया विधानसभा चुनाव की जंग से कुछ अलग नजर आ रही है। इसी सप्ताह लोकसभा चुनाव के ऐलान की संभावना बढती जा रही है। इस बीच मप्र में 'भाजपा सरकार' के अयोध्या दर्शन के बाद आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी मप्र में महाकाल दर्शन व रोड शो के लिये पहुंचे हैं। खास बात यह है कि यह क्षेत्र सीएम मोहन यादव का भी है। लिहाजा राहुल की सभा पर सभी की निगाहें हैं। इधर मप्र की भाजपा सरकार भी तेजी से योजनाओं के ऐलान और लोकार्पण के काम में जुट गई है। आज मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकारी सेवा में चयनित लोगों को नियुक्ति पत्र सौंप रहे हैं। आज स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, जन-सहभागिता और स्वच्छ सर्वेक्षण की उपलब्धियों को प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री यादव राज्यस्तरीय 'स्वच्छता प्रेरणा समारोह' में मौजूद रहेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जन-प्रतिनिधि, नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छताकमी, सफाईकर्मी और विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभार्थी शामिल रहेंगे। शासकीय सेवा में चयनित 8500 से अधिक लोगों नियुक्ति पत्र भी सौंपे जाएंगे।

### यादव ने शिवराज को कहा -हैप्पी बर्थ डे



*मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस पर उनके निवास पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी।*

### पांच सीटें होल्ड का राज बरकरार

*चुनाव तैयारियों के बीच तीन दिन पहले ही भाजपा ने मध्यप्रदेश की 29 में से 24 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है, लेकिन जिन 5 सीटों को होल्ड पर रखा गया है। उनमें भाजपा का का गढ़ इंदौर और उज्जैन सीट भी शामिल है। इसके अलावा छिंदवाड़ा, बालाघाट व धार सीट पर भी उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया गया है। अंदरखाने चर्चा है कि भाजपा इन पांच में कम से कम तीन सीटों पर कांग्रेस की मजबूती देखते हुए रूकी है। भाजपा यहां कांग्रेस के ऐलान तक भी इंतजार कर सकती है। दरअसल छिंदवाडा, बालाघाट व धार में हाल के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जमकर लीड मिली है। जबकि इंदौर में नाम को लेकर असमंजस बताया जा रहा है।*

## शाजापुर मे युवाओं से संवाद, महाकाल मंदिर में हाजिरी

### राहुल की न्याय यात्रा



**शाजापुर, दोपहर मेट्रो**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा ने सारंगपुर के बाद आज शाजापुर शहर में प्रवेश किया। शहर के धोबी चौराहा से यात्रा रोड शो के रूप में पुराने हाईवे से गुजरते हुए टंकी चौराहा पहुंची जहां राहुल गांधी ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा- मोदी चाहते हैं कि आप दिनभर मोबाइल पर रहो, जय श्रीराम बोलो और भूखे मर जाओ। शाजापुर में राहुल रोड शो भी करेंगे। मक्सी में उनका स्वागत हुआ। उन्होंने युवाओं से सीधा संवाद भी किया। इस दौरान दर्जनों स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी का स्वागत कर रहे हैं। राहुल की न्याय यात्रा शाजापुर से उज्जैन पहुंची है। जहां वे महाकाल मंदिर में पूजा करेंगे। इसके बाद उज्जैन में उनका बड़ा रोड शो व सभा भी है। उल्लेखनीय है कि डेढ़ साल पहले भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी राहुल महाकाल मंदिर में पहुंचे थे।

### राहुल के सामने लगे मोदी-मोदी के नारे, आलू दिए

शाजापुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल के सामने मोदी-मोदी के नारे और श्रीराम के जयकारे लगाने शुरू कर दिये तो राहुल गाड़ी से उतरकर खुद उनसे मिलने पहुंच गये। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल को आलू दिए। राहुल ने आलू लेकर उन्हें धन्यवाद दिया।

## नौसेना कमांडर्स का तीन दिनी अहम सम्मेलन शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आज से अगले तीन दिनों तक नौसेना के कमांडरों के सम्मेलन का पहला संस्करण शुरू हो गया है। इस बार यह सम्मेलन हाइब्रिड हो रहा है। पहला चरण समुद्र में होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बार देश के दोनों एयरक्राफ्ट कैरियर यानी आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य की क्षमता देखने के लिए समंदर में उतरेंगे। नौसेना इस दौरान 'ट्विन कैरियर ऑपरेशंस' की क्षमता का प्रदर्शन करेगी. इस सम्मेलन में नौसेना कमांडर समुद्री सुरक्षा से संबंधित रणनीतिक गतिविधियों, परिचालन एवं प्रशासनिक मामलों पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से एक मंच पर आएंगे। नौसेना ने कहा है कि यह कॉन्फ्रेंस इसलिए भी जरूरी है क्योंकि लगातार बदलती हुई भू-राजनीतिक परिस्थितियों, आंचलिक चुनौतियों और इस क्षेत्र में मौजूदा अस्थिर समुद्री सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की जाए। राजनाथ नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे।



## मिसाइल हमले की चपेट में आए 3 भारतीय, एक मौत

**यरुशलम।** हमास से जारी जंग के बीच लेबनान की ओर से इजरायल में दागी गई एंटी टैंक मिसाइल हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है जबकि दो घायल हो गए हैं। यह हमला इजरायल की उत्तरी सीमा के पास किया गया रिपोर्ट के मुताबिक, ये तीनों भारतीय केरल के रहने वाले हैं। यह मिसाइल हमला सुबह लगभग 11 बजे इजरायल के गैलील इलाके में हुआ। बताया जा रहा है कि ये मिसाइल किसी खेत में जा गिरी, जहां काम कर रहे लोग इसकी जद में आए गए. इस हमले में मारे गए भारतीय नागरिक की पहचान केरल के कोल्लम के रहने वाले पटनीबिन मैक्सवेल के रूप की गई है. घायलों की पहचान बुश जोसेफ जॉर्ज और पॉल मेल्विन के तौर पर की गई है।



## पायलट ने उड़ते विमान में महिला का प्रसव कराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दुनियाभर में उड़ान भरती फ्लाइट में कई मामले सामने आते रहते हैं जो हैरान भी करते हैं। कई बार ये इतने पॉजिटिव होते हैं कि खुशी होती है। खबर हैं कि एक पायलट ताइपेई, ताइवान से बैंकॉक के लिए वियतजेट विमान उड़ा रहा था, तभी एक इमरजेंसी आ गई। 18 साल से पायलट की नौकरी कर रहे जकारिन सारानराक्स्कुल को केबिन क्रू ने बताया कि हवाई जहाज के बाथरूम में एक महिला को लेबर पेन हो रहा है, तब सारनराक्स्कुल ये सुनते ही महिला को-पायलट के हाथ में कमान सौंपकर कॉकपिट से बाहर आए। उन्होंने तो किसी डॉक्टर की तरह महिला की डिलीवरी ही करा दी। सारानराक्स्कुल ने बताया कि उन्होंने पहले कभी किसी की डिलीवरी नहीं कराई थी। हवाई जहाज जब बैंकॉक, थाईलैंड में उतरा तो पैरामेडिक्स महिला का इंतजार कर रहे थे. माँ और बच्चे दोनों के सुरक्षित और स्वस्थ होने की पुष्टि की गई।



## खेत से निकला दो किलो का आलू

**फर्रूखाबाद, एजेंसी।**

आलू पैदावार का गढ व सबसे बडी मंडी के लिये मशहूर फर्रूखाबाद जिले में आलू की खुदाई चल रही है, मगर दो किलो का एक आलू निकलने से सभी हैरत में हैं। खुद किसान हैरान है। अब इस आलू को देखने के लिए आस-पास के लोग भी जुट रहे हैं और अचरज जता रहे हैं। खेती करने वाले किसान ने बताया कि हमारे घर में कई पीढ़ियों से आलू की खेती हो रही है, लेकिन हमने पहली बार इतना बड़ा आलू देखा। फर्रूखाबाद जिला आलू की खेती में अव्वल जिलों में शामिल है। एशिया की सबसे बड़ी आलू मंडी भी जिले में है, जहां से देश ही नहीं दूसरे देशों में भी लाखों कुंतल आलू निर्यात किया जाता है। जहानगंज के पतौजा गांव में किसान मेराज हुसैन अपने खेतों में आलू की पैदावार करते हैं, वह लोगों को खुद इस आलू की विशेषता व आकार बता रहे हैं।



## पेपर लीक:उत्तरप्रदेश भर्ती बोर्ड अध्यक्ष को हटाया




**लखनऊ, एजेंसी।**

उप्र पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड की जिम्मेदारी दी गई है। यूपी में 60 हजार से ज्यादा सिपाही भर्ती में 48 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे। पेपर लीक के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी। सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में चूक और एफआईआर दर्ज कराने में लापरवाही के चलते डीजी भर्ती बोर्ड अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को हटाया गया है। परीक्षा रद्द होने के बाद से भर्ती बोर्ड की इंटर्नल असेसमेंट कमेटी रिपोर्ट नहीं दे पाई थी और ना ही मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। वहीं, आरओ भर्ती परीक्षा में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने आंतरिक जांच के बाद परीक्षा नियंत्रक को हटाया था और एफआईआर भी दर्ज करवा दी थी।

## रईसी में मस्क को झटका, अमेजन के बेजोस अब सबसे अमीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों की सूची में बड़ा उलटफेर हुआ है और नंबर-1 अमीर की कुर्सी पर लंबे समय से काबिज एलन मस्क को झटका लगा है। अब मस्क से ये ताज छिन गया है और अमेजन फाउंडर जेफ बेजोस दुनिया के सबसे रईस इंसान बन गए हैं। 200 अरब डॉलर के क्लब में एंट्री लेते हुए जेफ बेजोस ने ये कमाल किया है। बेजोस की संपत्ति में बीते कुछ समय से लगातार उछाल देखने को मिल रहा था, इसका बड़ा असर अब दिखाई दिया है। पहले उन्होंने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर फ्रांसीसी बिजनेसमैन बर्नार्ड अर्नाल्ट को पीछे छोड़ा था। ब्लूमबर्ग इंडेक्स के मुताबिक अमेजन फाउंडर 60 वर्षीय जेफ बेजोस ने नंबर एक की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया है मगर दोनों की संपत्ति में फासला बेहद कम है। 200 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ बेजोस सबसे रईस हैं, तो वहीं एलन मस्क की नेटवर्थ भारी गिरावट के बाद भी 198 अरब डॉलर है। वहीं भारत के दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी 11 वें नंबर पर हैं और गौतम अडानी का नंबर 12 वां है।

### अंबाानी 11, अडाणी 12वें नंबर पर



**मेट्रो एंकर**

### सिंघवी ने दी दलील, सीजेआई से नजर मिली तो दोनों मुस्कुराए

# हमें चुनाव से पहले सड़क पर नहीं लाया जा सकता

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट में आम आदमी पार्टी के कथित अतिक्रमण से संबंधित मामले में जोरदार बहस के मामले की सुनवाई के दौरान ऐसा मौका आया जब सीजेआई और आम आदमी पार्टी की तरफ से पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट दोनों के चेहरे पर हंसी तैर गई। हाल में हिमाचल से राज्यसभा का चुनाव हार गये सिंघवी से सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि इस मामले में आपको पेश नहीं होना चाहिए। आप दिल्ली हाईकोर्ट के लिए जमीन का विरोध नहीं कर सकते। आपको तो हमारा समर्थन करना चाहिए।

आप की ओर से बहस करते हुए, सिंघवी ने कहा कि पार्टी अपने मुख्यालय के लिए एक जमीन की हकदार है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि आप देश की छह राष्ट्रीय पार्टियों में से एक है। सिंघवी ने कहा, हमें चुनाव से पहले सड़क पर नहीं लाया जा सकता। इस मामले को कुछ राजनीतिक सहयोग के माध्यम से हल किया जा सकता है। पार्टी को बदरपुर में एक प्लॉट की पेशकश की गई है। वे हमें बता रहे हैं कि एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में, हमें कुछ नहीं मिलता है। हमें बदरपुर दिया गया है, जबकि अन्य दलों को ऑफिस बेहतर स्थानों भी हैं। फिर सभी पार्टियों को बदरपुर में ट्रांसफर कर दिया जाए। इस पर सीजेआई ने जवाब दिया कि आप प्लॉट पाने के लिए हमारे ऑफिस का इस्तेमाल कर हैं। हम इसकी अनुमति कैसे दे सकते हैं? बहस के दौरान सिंघवी ने यह भी कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट उनकी मूल अदालत है। उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि उन्हें जगह देने से इनकार किया जाए।



### यह है मामला

दरअसल, अदालत ने मामले में सुनवाई के दौरान अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को 15 जून तक दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर जमीन खाली करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि यह भूमि दिल्ली हाई कोर्ट को अपने बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए आवंटित की गई थी। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की तीन-जजों की पीठ ने आम आदमी पार्टी से अपने मुख्यालय के लिए वैकल्पिक भूखंड के लिए भूमि और विकास कार्यालय से संपर्क करने को कहा है। अदालत ने कहा कि वह भूमि एवं विकास कार्यालय से आप के आवेदन पर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने का अनुरोध करेगी। यह विभाग केंद्र के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

# एमपी बोर्ड: आज बारहवीं का कृषि, होम साइंस, बुक-कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी का पेपर




भोपाल। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं अंतिम दौर में हैं। सोमवार को कक्षा बारहवीं का कृषि (मानविकी), होम साइंस (कला समूह), बुक-कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी का पेपर आयोजित हुआ। परीक्षा का समय 9 से 12 बजे रहा। उल्लेखनीय है कि इस बार दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में प्रदेशभर से करीब 16.80 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। हाईस्कूल परीक्षा के लिए प्रदेश में 3,866 एवं हायर सेकेंडरी के लिए 3,637 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी भोपाल के 106 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रही है।

### आरएसके ने लेटलतीफी के साथ शुरू की प्रक्रिया, 7 मार्च तक मंगाए आवेदन

# 13 जिलों में डीपीसी के पद खाली, 5वीं 8वीं की परीक्षाओं पर पड़ेगा असर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों सहित मदरसों में 6 मार्च से पांचवी-आठवीं की बोर्ड पैटर्न पर वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र तैयारियों में जुटा है। इधर प्रदेश के 13 जिलों में लंबे समय से खाली जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) का पद आरएसके अब तक नहीं भर सका है। आरएसके हाल ही लेटलतीफी के साथ इन पदों को प्रतिनियुक्ति से भरने की प्रक्रिया शुरू की है। जिसे पूरा होने में समय लगेगा। ऐसे में पांचवी-आठवीं की परीक्षाओं की व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती है, क्योंकि डीपीसी की निगरानी में परीक्षा संपन्न होती है। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश से लेकर मान्यता संबंधी कार्य भी प्रभावित हो रहा है।



### तीन साल से खाली हैं पद

विभागीय जानकारों की मानें तो इन जिलों डीपीसी के पद करीब तीन साल से खाली है। इस पदों को भरने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने सात मार्च तक आवेदन मांगे हैं। डीपीसी के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा 13 मार्च को आयोजित होगी। वहीं लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी उसी दिन लिया जाएगा। डीपीसी के पदों के लिए सहायक संचालक, प्राचार्य उमावि, हाई स्कूल संवर्ग, व्याख्याता संवर्ग के अधिकारियों के आवेदन आए हैं। हालांकि शिक्षक संगठनों द्वारा इस पर विरोध दर्ज कराया गया है।

## कल से शुरू होगी 5-8वीं की परीक्षा

### 11 हजार 986 परीक्षा केन्द्र बनाए, 25.50 लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी-निजी स्कूलों सहित मदरसों की कक्षा 5वीं 8वीं की परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होंगी। इन परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर में 11 हजार 986 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। प्रदेश में इस वर्ष एक लाख 14 हजार 956 सरकारी, प्राइवेट स्कूल और मदरसों के लगभग 25 लाख 51 हजार 818 विद्यार्थी इन परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं।

राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक धनराजू एस ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि ये परीक्षा केन्द्र स्कूलों से कम से कम दूरी पर हों। साथ ही इन परीक्षा केन्द्रों पर स्कूलों की क्षमता अनुसार विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध रहें। 203 निजी स्कूलों के 6,621 छात्रों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार पृथक से भाषा विषय के प्रश्न-पत्र तैयार किए गए हैं।

### क्रिकेट टूर्नामेंट



भोपाल के नाथू बरखेड़ा वीएनएस कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड ग्राम बरखेड़ा में सरदार वल्लभभाई पटेल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में परिचय प्राप्त करते विधायक भगवानदास सबनानी।

## 18 वर्ष की उम्र से अधिक उम्र के लोगों को कल से लगाया जाएगा टीबी से बचाव का टीका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

18 वर्ष की उम्र से अधिक के चिह्नित लोगों को टीबी से बचाव के लिए 7 मार्च से टीकाकरण की शुरुआत होगी। प्रदेश के 26 जिलों के लिए 90 लाख डोज केंद्र सरकार से मिली हैं। इसके लिए जोखिम में आने वाले लोगों को चिन्हित कर लिया गया है। डायबिटीज से पीड़ित, धूम्रपान या तंबाकू का सेवन करने वाले, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग, जिनका बाडी मास इंडेक्स (बीएमआइ) 18 से कम है यानी कमजोर हैं, जिन्हें पांच वर्ष से टीबी है और वर्ष 2021 के बाद से टीबी से प्रभावित लोगों की देखभाल करने वाले। बता दें कि यह टीकाकरण प्रयोग के तौर पर किया जा रहा है, जिसमें यह देखा जाएगा कि इस टीका का असर क्या होता है। टीका लगने के बाद बीमारी कितने लोगों को होती है।

### आरजीपीवी वित्त घोटाले मामले में कार्यवाही तेज


# कुलपति, रजिस्ट्रार सहित 5 पर एफआईआर, अब उच्च स्तरीय समिति करेगी जांच

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में 19.48 करोड़ रुपए का घोटाला उजागर होने के बाद मामले में अब कुलपति, रजिस्ट्रार सहित अन्य पर एफआईआर दर्ज की गई है। इसके साथ ही उच्च शिक्षा विभाग की बड़ी कार्यवाही की तैयारी कर रहा है। एक अन्य आदेश में शासन ने फर्जी बैंक स्टेटमेंट और फर्जी दस्तावेज मामले में भी एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा है। इसके लिए संबंधित थाने को भी निर्देशित किया गया है। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत जांच का दायरा बड़ा दिया गया है, इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जा रही है जो अन्य समस्त घोटालों की जांच करेगी। इधर एबीवीपी कार्यकर्ताओं का धरना खत्म कराने के लिए रविवार को पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। नई जांच समिति गठित संपूर्ण विश्वविद्यालय के आर्थिक मामलों की जांच करेगी। एबीवीपी के प्रांत मीडिया संयोजक शिवम जाट ने मंत्री से बताया कि अभी तो मात्र 19.48 करोड़ का मामला उजागर हुआ है, जबकि विवि के अंदर करीब 200 करोड़ रुपए का घालमेल हुआ है, उसकी भी जांच कराई जाए।

**- उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा- दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी**

**- नई जांच समिति गठित संपूर्ण विश्वविद्यालय के आर्थिक मामलों की जांच करेगी**



### यह है पूरा मामला

उल्लेखनीय है कि एबीवीपी द्वारा जांच समिति के घेराव के बाद शनिवार की रात को ही जांच पूर्ण समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत किया गया। प्रथम दृष्टतया जांच प्रतिवेदन अनुसार 19.48 करोड़ रुपए अनाधिकृत रूप से अपराधिक षड्यंत्र कर निजी खातों में स्थानान्तरण किया जाना पाया गया है। शासन द्वारा इस मामले में लिप्त तत्कालीन रजिस्ट्रार को निलंबित करने और एकाउंट सेक्शन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज करने और निलंबित करने के निर्देश दिए थे।

**मेट्रो एंकर**

### 21 पौधे रोपे समाजसेवियों, व्यापारियों ने

# शिवराज सिंह के जन्म दिन पर पौधा रोपण से बड़ा तोहफा नहीं:बंसल

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्म दिन पर पौधारोपण किया गया। साामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल ने 21पौधे रोपे। बंसल में ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान जो प्रतिदिन एक पौधा लगाकर पर्यावरण संवर्द्धन की दिशा में काम कर रहे हैं, उनके जन्म दिन पर जनसेवा के साथ पौधारोपण का संकल्प लेने से बेहतर कोई उपहार नहीं हो सकता।



इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के माधवदास पारदासनी, संस्कार विद्यालय के बसंत चेलानी, चंद्र नागदेव , मुस्कान क्लब के मनोहर विधानी, शेट्टी चंदनानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत के श्री नरेश चोटरानी, मनीष बागवानी, सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट के राम सबनानी, कपड़ा व्यापारी संघ के नीरज वाधवानी, अमित बिनवानी, दाल मिल एसोसिएशन के ललित सबनानी, वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश असुदानी, गोल्ड मेडलिस्ट धावक अशोक बाथम, नानक लेखवानी, राजू थावानी, मुकेश जन्यानी, संत हिरदाराम कॉम्प्लेक्स एसोसिएशन के जीतू हेमनानी, हीरू मेंघानी, अनमोल अग्रवाल, दीपक बबलानी सहित अन्य साथी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पुराने फिल्मी गीतों थिरके नन्हे-मुन्ने बच्चे




**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।** नवयुवक सभा के डी. डी. प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संतजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। बच्चों ने गणेश वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पुराने गीतों पर बच्चों ने प्रस्तुति दी। संस्था के अध्यक्ष विष्णु गेहानी ने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रयास संस्था द्वारा किये जाते हैं। मुख्य अतिथि हैप्पी सेवा ग्रुप ने स्कूल को 50 कुर्सियां दान में दीं। सभा संस्था के संरक्षक वासदेव वाधवानी व सभी हैप्पी सेवा ग्रुप के सदस्यों को स्मृति चिंह भेंट कर अभिवादन किया गया। प्ले स्कूल कि इंचार्ज हेमलता संगतानी ने स्वागत भाषण दिया। प्राचार्या ज्योति चौहान ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन काजल मोरंदानी ने किया।

## संतनगर में 13 को निकलेगी साईं बाबा की भव्य पालकी

**हिरदाराम नगर।** संतनगर के कैलाश नगर स्थित साई बाबा मंदिर समिति द्वारा 16 वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। सांई बाबा की भव्य पालकी निकलेगी। कार्यक्रम आयोजक गंगाराम भार्गव ने बताया कि सांई बाबा मंदिर सांई रेसीडेंसी कैलाश नगर में स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 12 मार्च को मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ होगा। 13 मार्च को भव्य पालकी निकाली जाएगी। शाम को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंदिर



प्रांगण में साईं भक्तों की बैठक हुई, जिसमें दायित्वों का बंटवारा हुआ। बैठक में प्रमोद तिवारी, संजय वाधवा, डॉ एके सिंह विकास खन्ना, एच आर सिंह, अभिषेक सिंह, दिनेश मालवीय, टीकाराम पटेल व अन्य मौजूद थे।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024

स्वच्छता में अग्रणी रहकर
विश्वस्तरीय अधोसंरचना निर्माण से पूरा करेंगे

# मध्यप्रदेश को नं. 1 बनाने का संकल्प



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश के चहुंमुखी विकास को अभूतपूर्व गति मिल रही है। हमारी सरकार प्रदेश को देश की आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख स्तंभ बनाकर 'विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश' के संकल्प को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# स्वच्छता प्रेरणा समारोह

₹1540 करोड़ की लागत से भोपाल मेट्रो के 8 नये स्टेशनों का भूमिपूजन

नगरीय निकायों के विकास कार्यों के लिये ₹1000 करोड़ का अंतरण

## 8500 से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**5 मार्च, 2024 - अपराह्न 3:00 बजे - लाल परेड ग्राउंड, भोपाल**

### मध्यप्रदेश की ताकत - स्वच्छता की आदत

- देश में लगातार सातवीं बार इंदौर को नंबर वन स्वच्छ शहर का पुरस्कार
- भोपाल बना देश की सबसे स्वच्छ राजधानी
- 97% (361) नगरीय निकाय ओडीएफ++ प्रमाणित
- स्वच्छता में प्रदेश के 157 शहरों को स्टार रेटिंग

### शहरी विकास के संकल्पित प्रयास

- जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल, देवास, इंदौर एवं सतना में एलीवेटेड कॉरीडोर का निर्माण प्रगति पर
- भोपाल, इंदौर मेट्रो के साथ जबलपुर, ग्वालियर एवं अन्य प्रमुख शहरों में भी मेट्रो लाइन के निर्माण की योजना
- कायाकल्प अभियान के तहत ₹ 2500 करोड़ से बदल रही शहरों में सड़कों की सूरत
- रेलवे क्रॉसिंग समाप्त करने के लिए 105 रेलवे ओवर ब्रिज के साथ 334 पुलों का निर्माण प्रक्रियाधीन
- सभी नगरीय निकायों को 2 लेन मार्ग से जोड़ने की योजना
- सभी मुख्य शहरों में पीएनजी पाइपलाइन से गैस कनेक्शन की व्यवस्था

D11229/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

## सुविचार

अगर मेहनत आदत बन जाए, तो कामयाबी मुकद्दर बन जाती है।

-अज्ञात

## संपादकीय

# फिर भी कई सवाल बाकी

*देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में समानता के सिध्दांत को सुप्रीम कोर्ट ने एक बार एक पुराने प्रकरण में नये दिशा निर्देश देकर दिशा दिखा दी है। बेहद महत्वपूर्ण फैसले के जरिए उसने साफ किया है कि देश में हर व्यक्ति के लिये कानून समान ही होंगे। जिस प्रकरण पर कोर्ट ने फैसला दिया है वह सांसदों को मुकदमा चलाए जाने से मिली संवैधानिक छूट का था। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिए फैसले में इस छूट की सीमाएं रेखांकित करते हुए स्पष्ट किया कि कानून के शासन की राह में किसी तरह का अड़ंगा स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। यह पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल से जुड़ा एक मामला था,पुराना होने के बावजूद इसमें नये निर्देश आये हैं। तब झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों पर रिश्वत लेकर सरकार के पक्ष में वोट डालने का आरोप था। 1998 में इस मामले में दिए फैसले में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यों की पीठ ने सांसदों पर मुकदमा चलाए जाने पर यह कहते हुए रोक लगा दी थी कि उन्हें संविधान के तहत मुकदमे से छूट हासिल है। अब सात सदस्यों की संविधान पीठ ने इस फैसले को पलट दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाय चंद्रचूड़ की अगुआई वाली संविधान पीठ का यह तर्क महत्वपूर्ण है कि सांसदों को जो छूट दी गई है, वह विधायिका के कामकाज के सुचारू संचालन से ही संबंधित है। उसे किसी भी सूरत में रिश्वत लेने की आड़ के तौर पर इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा किया गया तो सांसदों और विधायकों की एक ऐसी बिरादरी बन जाएगी, जो कानून के ऊपर मानी जाने लगेगी। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब देश में आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। जाहिर है, ऐसे माहौल में इस फैसले का भी कुछ न कुछ चुनावी असर होने की संभावना नकारी नहीं जा सकती। दलगत समीकरणों से अलग हटकर कहा जा सकता है कि चाहे जिसे भी वोटों का नफा-नुकसान हो, इस तरह के फैसले अगर चुनावी मुद्दा बनते हैं तो आखिरकार राजनीति के शुद्धिकरण में मदद ही करेंगे। लेकिन यह मुद्दा स्वस्थ बहस की ओर ले जाए, इसके लिए जरूरी है कि इसे संकीर्ण नजरिये से न देखा जाए। सवाल यह है कि अगर पैसे का या तोहफों का लेनदेन रिश्वत है तो फिर मंत्री पद या चुनावी टिकट या किसी और चीज के प्रलोभन में दलबदल या क्रॉस वोटिंग करना और कराना क्या है? अगर इसे रिश्वत मानेंगे तो उसकी पहचान कैसे करेंगे? और फिर, इन कथित प्रलोभनों या पॉलिटिकल करियर में ऊंचाई हासिल करने की आकांक्षाओं से अलग राजनीति कैसे विकसित करेंगे? जाहिर है, इन कठिन सवालों के जवाब किसी के पास नहीं हैं। भारतीय राजनीति में बीते कुछ वर्ष में एक नयी परंपरा सी बनती जा रही है,जहां चुनी हुई सरकारें देखते ही देखते गिर रही हैं, या गिरते गिरते बच रही हैं और अब लड़खड़ा रही हैं। इसके पीछे आखिर वह कौन सा तत्व है जो अचानक चुने हुए जनप्रतिनिधियों की निष्ठा को डिगा रहा है। कुल मिलाकर राजनीति को स्वच्छ बनाना है तो ऐसे तमाम सवालों के जवाब ठोस रूप से तलाशे जाने चाहिये।*

## आज का इतिहास

- **1968** - मार्टिन लूथर किंग की हत्या।
- **1983** - आस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी के नेता बाब हाक प्रधानमंत्री बने।
- **1997** - भारत तथा तेरह अन्य देशों ने इंडियन ओशन रिम एसोसियेशन के गठन की घोषणा की।
- **1999** - आज़ाद देश के राष्ट्रकुल के कार्यकारी सचिव बोरिस बेरनोवस्की की बर्खास्तगी, फ़िल्म अभिनेता सुनील दत्त ने कोलंबो से अपने 17 सदस्यीय दल के साथ दक्षिण एशिया की 13 हज़ार किलोमीटर लम्बी सद्भावना यात्रा का शुभारम्भ किया।
- **2001** - कोलंबिया के राष्ट्रपति परुत्राना चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए, मक्का में ईद के दौरान भगदड़ में 36 यात्री मरे।
- **2002** - राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
- **2003** - अलकायदा का शीर्ष आतंकवादी मुस्तफ़ा अहमद अल-हवसावी रावलपिंडी में गिरफ़्तार।
- **2006** - पाकिस्तान में अलकायदा और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 100 लोग मारे गये।
- **2007** - अर्जेन्टीना ने भारत द्वारा अदालती कार्रवाही के लिए क्वात्रोची के प्रत्यर्पण दस्तावेज स्वीकृत किये।
- **2008** - महाराष्ट्र के राज्यपाल एस.एम. कृष्णा ने अपने पद से इस्तीफा दिया। भारत ने समुद्र से ज़मीन पर हमला करने वाले 'ब्रह्मोस' मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- **2009** - भारतीय उद्योगपति विजय माल्या ने 18 लाख रुपये में बापू की विरासत को ख़रीदा। इफ्को (इंडियन फार्मा फर्टिलाइजर कोओपरेटिव लिमिटेड) एक करोड़ टन उर्वरक की वार्षिक बिक्री करने वाली विश्व की पहली कम्पनी बनी। बिजनेस मैगज़ीन फोर्ब्स ने 48 परोपकारी दिग्गज़ों की लिस्ट में टेलिकॉम किंग सुनील मित्तल और प्रवासी व्यापारी अनिल अग्रवाल समेत चार भारतीयों के नाम शामिल किये।
- **2018** - द शेप ऑफ़ वाटर ने 90वें अकादमी पुरस्कार पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित चार ऑस्कर जीते।

## निशाना

### जा रहे हैं छोड़ कर !




- कृष्णेन्द्र राय

मिल रहा है झटका ।
अब इनको हर बार ।।
जा रहे हैं छोड़ कर ।
करीबी समझदार ।।
है कमज़ोर कुनबा ।
गिरा दिल पर तीर ।।
दगा दे रहे वो भी ।
है जिनसे तक़दीर ।।
किस पर करें भरोसा ।
हैं लटके मझधार ।।
हुई कहां है ग़लती ।
ना थमी तकरार ।।
है नज़दीक चुनाव ।
ख़बर रहने वाली ।।
पड़ता जाए सूखा ।
दूर अभी हरियाली ।।

# सत्ता के सिंहासन के लिए परिवारों के संघर्ष से नए राजनीतिक बदलाव

**आलोक मेहता**



सत्ता की राजनीति में कांग्रेस ने कई दशकों से स्थापित राज परिवारों के सदस्यों का सहयोग लिया और उनकी पुरानी विश्वसनीयता और जन समर्थन का लाभ उठाया । राजा महाराजा परिवारों ने भी राजनीति और जन समर्थन का फायदा उठाया । लेकिन हाल के वर्षों में अधिकांश राज परिवारों के नेता राहुल गाँधी की कांग्रेस के तौर तरीकों गलत नीतियों से तंग आकर उसका साथ छोड़कर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ आते जा रहे हैं । ग्वालियर के सिंधिया परिवार , जयपुर के राज परिवार की दिया कुमारी , उदयपुर के मेवाड़ परिवार के सदस्य , बड़ोदा के गायकवाड़ परिवार की राजमाता , पटियाला पंजाब के राजा कैप्टन अमरेंद्र सिंह , जम्मू कश्मीर के राज परिवार डॉक्टर कर्णसिंह के सदस्य धीरे धीरे मोदी सरकार और भाजपा से जुड़ते गए हैं । अब कांग्रेस से विद्रोही तेवर लेकर मैदान में आए हिमाचल की शिमला इलाके की रियासत के विक्रमादित्य सिंह तथा उनकी माता प्रतिभा सिंह ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना शुरु कर दी है । अभी कांग्रेस के दो तीन नेताओं ने राजनीतिक युद्ध विराम की कोशिश की , लेकिन विक्रमादित्य ने सोशल मीडिया से कांग्रेस के नेता विधायक का परिचय हटाकर संकेत दे दिया है । आख़िरकार सुक्खू भी तो उनके साथी विधायकों को नाग सांप बताकर अपमानित कर रहे हैं ।

दिलचस्प बात यह है कि हिमाचल प्रदेश के विक्रमादित्य प्रतिभा वीरभद्र सिंह परिवार के सीधे या अप्रत्यक्ष सम्बन्ध कैप्टन अमरेंद्र सिंह , डॉक्टर कर्णसिंह और सिंधिया परिवारों से जुड़े हुए हैं । तीनों परिवारों की बेटी बहुएं रिश्तों से जुड़ी हुई हैं । वीरभद्र प्रतिभा सिंह की बेटी और कर्णसिंह की पोती कैप्टन अमरेंद्र सिंह के पोतों से ब्याही हैं । माधवराव सिंधिया की बेटी चित्रांगना की शादी कर्णसिंह के बेटे विक्रमादित्य से हुई है । हिमाचल प्रदेश में सियासी संकट के बीच कांग्रेस दो फाड़ होती दिखाई दे रही है। कांग्रेस विधायकों का एक धड़ा जहां सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के पक्ष में खड़ा दिखजे तो कुछ उनके खिलाफ। आने वाले दिनों में पता नहीं कितने किधर पाला बदलेंगें झ विक्रमादित्य सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़े ही भावुक तरीके से मंत्री पद से इस्तीफा दिया। इस दौरान उन्होंने सीएम सुक्खू पर कई आरोप भी लगाए। यहाँ तक कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री सुक्खू वित्तीय व्यवस्था गड़बड़ कर रहे हैं । पराकष्ठा यह भी कि प्रदेश में छह बार मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहे समर्पित कांग्रेसी स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा लगाने के लिए जमीन का एक टुकड़ा तक नहीं दी गई है । विक्रमादित्य सिंह हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे हैं। 2021 में पिता की मौत के बाद उन्हें राजा बनाया गया था।



उनका जन्म 17 अक्टूबर 1989 में हुआ था। हिमाचल प्रदेश के बिशप स्कूल में शुरुआती पढ़ाई करने के बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन की। सेंट स्टीफेंस कॉलेज से उन्होंने इतिहास में डिग्री ली । विक्रमादित्य सिंह ने साल 2013 में राजनीति में प्रवेश किया । हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में शामिल होने के बाद विक्रमादित्य सिंह युवा कांग्रेस अध्यक्ष बने। उन्होंने 2017 तक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली। 2017 में वह पहली बार शिमला से विधायक बनें और फिर विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा के रवि कुमार मेहता को 13 हजार से ज्यादा मतों से हराकर विक्रमादित्य सिंह विधायक और मंत्री बने । फिर भी उनकी और पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की निरंतर उपेक्षा होती रही । आला कमान यानी राहुल गाँधी की सलाहकार टीम ने अपने प्रिय सुक्खू को ही मनमानी की पूरी छूट दी । विक्रमादित्य के साथ विद्रोह का झंडा उठाने वाले 6 विधायकों की तो विधान सभा की सदस्यता ही फिलहाल चली गई । अब मामला अदालत के सामने है । दूसरी तरफ राज्य सभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार अभिषेक सिंघवी की पराजय हो गई । पराजय से कांग्रेस की बहुत भद्द हुई । यह बात अलग है कि राहुल गांधी ने इस संकट में सामने आकर कोई रास्ता निकालने की कोशिश नहीं की । वह तो ब्रिटेन की यात्रा का आनंद लेते रहे ।

ऐसा नहीं है कि वीरभद्र सिंह का परिवार पहली बार मोदी सरकार की तरफ झुकते दिखाई दिए हैं । विक्रमादित्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करके पहले भी सुर्खियों में आ चुके हैं। जब पीएम मोदी नेतृत्व वाली सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्यपथ करने का फैसला लिया तो विक्रमादित्य ने इसका स्वागत किया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्यपथ करना एक स्वागत योग्य कदम है। अब ब्रिटिश शासन खत्म हो गया है। ऐसे में हर इमारत पर अंग्रेजों के नाम बदलने जाने चाहिए।मां को सीएम बनते देखना चाहते हैं । शिमला (ग्रामीण) से चुनाव जीतने के बाद उन्होंने कहा था कि वह अपनी मां और कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते है। बेटे के रूप में, मैं अपनी मां को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहूंगा, लेकिन इस संबंध में फैसला विजेता उम्मीदवारों और आलाकमान द्वारा लिया जाएगा।' लेकिन राजस्थान , पंजाब , मध्य प्रदेश , जम्मू कश्मीर , महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ जैसे विभिन्न राज्यों में राहुल गाँधी ने दशकों से वफादार कांग्रेसी परिवारों के पुराने या युवा नेताओं को किसी तरह आगे नहीं बढ़ने दिया । इन परिवारों के समर्थकों के आरोप तो यह हैं कि किसी युवा नेता का कद यानी राजनीतिक लोकप्रियता राहुल गाँधी से अधिक न हो जाने के भय से ज्योतिरादित्य सिंधिया , सचिन पायलट , नकुल नाथ - कमल नाथ , अमरेंद्र सिंह , कश्मीर और हिमाचल के विक्रमादित्यों ( वीरभद्र सिंह और कर्ण सिंह के बेटों ) , मिलिंद मुरली देवड़ा आदि को अधिक आगे नहीं बढ़ने दिया। इसलिए राहुल कांग्रेस के नेताओं का यह आरोप किसीके गले नहीं उतर सकता है कि सिंधिया अथवा मानसिंह , कर्णसिंह , वीरभद्र सिंह के राज परिवार के सदस्य किसी धन के प्रलोभन से भाजपा में शामिल हो सकते हैं । असलियत तो यह है कि गाँधी परिवार की शह पर कई वर्षों से कुछ कांग्रेसी ही इन राज परिवारों के विरुद्ध आरोपों के साथ पर्दे के पीछे अभियान चलाते रहे हैं । अब कांग्रेस उसके नतीजे भुगत रही है ।

# आसान भी नहीं भाजपा का दक्षिण पथ

**वेद विलास उनियाल**

जब उत्तर भारत की राजनीति में हिमाचल और यूपी में राज्यसभा की सीटों के लिए बिसातें बिछ रही थीं, पीएम मोदी दक्षिण भारत में अपनी सभाओं के जरिए लोगों से संवाद कर रहे थे। बीजेपी अपने उस दक्षिण मिशन पर गंभीर है, जिसकी बदौलत वह एनडीए के चार सौ वाले नारे को धरातल रूप देना चाहती है। निश्चित ही दक्षिण का यह सफर काफी अड़चनों भरा है। लेकिन बीजेपी का यह संकल्प बिना दक्षिण विजय के पूरा नहीं हो सकता। बीजेपी की चुनौती यह भी है कि तमिलनाडु, केरल और आंध्र में उसके संगठन का बहुत विस्तार नहीं हुआ है। बीजेपी के लिए दक्षिण के राज्य कमजोर कड़ी कहे जाते रहे हैं। बीजेपी ने दक्षिण के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले कर्नाटक और किसी हद तक तेलंगाना में अपना आधार बढ़ाया है। बीजेपी एनडीए के जरिए दक्षिण में बेहतर परिणाम के लिए संघर्ष कर रही है।

कुछ दशक पहले बीजेपी तमिलनाडु-केरल जैसे राज्यों में छोटी-छोटी सभा और बैठकों के जरिए लोगों से जुड़ने की कोशिश करती थी। लेकिन दक्षिण में वह सिमटी ही रही। लेकिन अब खासकर तमिलनाडु, केरल व आंध्र में भी पीएम मोदी की जनसभाओं में उत्तर भारत की तरह नजारा दिखता है। एक समय तमिलनाडु में अन्ना द्रमुक का साथ लेकर भी बीजेपी की जनसभाएं इतना आकार नहीं लेती थीं। लेकिन अब जब वह तमिलनाडु में अकेले खड़ी है, तब उसकी अपनी उपस्थिति झलकती है।नॉर्थ ईस्ट के राज्यों और पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने जिस तरह अपना विस्तार किया उसके पीछे उसकी रणनीति और अभियान को देखा जा सकता है। 2014 से पहले नॉर्थ ईस्ट में बीजेपी की कोई पहचान नहीं थी। लेकिन बीजेपी ने बहुत तेजी से और सधी हुई नीतियों के साथ राज्यों में अपना विस्तार ही नहीं किया बल्कि अधिकांश राज्यों में सरकारें भी बना ली। कहीं बीजेपी ने वहां की स्थानीय सियासी पार्टियों को साधा तो कहीं वहां के प्रभावी नेताओं को साथ जोड़ा। त्रिपुरा जैसे वामपंथ के गढ़ को उसने ध्वस्त किया। इसी तरह पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने पिछले लोकसभा चुनाव में 42 में 18 सीटें हासिल करके अपनी धमक बनाई। इसी तरह विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 77 सीटों पर जीत हासिल करके चौंकाया था। जिस तरह बीजेपी के लिए नॉर्थ ईस्ट और पश्चिम बंगाल कठिन लक्ष्य थे उसी तरह दक्षिण भारत की चुनौती भी बड़ी रही है। अब बीजेपी ने रणनीति के साथ दक्षिण के राज्यों के मतदाताओं को को प्रभावित करने की रणनीति बनाई है । पीएम मोदी अगर पांच साल में 47 बार नोर्थ ईस्ट के दौरे पर गए तो दक्षिण भारत की ओर भी उनका जहाज समय समय पर उड़ान भरता रहा है। बीजेपी ने दक्षिण मिशन के लिए संगठन क्षमता को बेहतर करने का प्रयास किया। पीएम मोदी दक्षिण की अपनी जनसभाओं में संसद में स्थापित संगोल का



जिक्र करना नहीं भूलते। इसके साथ वह दक्षिण के लोगों से संवाद जोड़ते हैं।

वर्ष 2014 के बाद से ही एनडीए सरकार ने कोशिश की है कि दक्षिण की अलग-अलग क्षेत्र की प्रतिभाओं से संवाद किया जाए। यही नहीं पद्म पुरस्कारों के लिए दक्षिण की प्रतिभाओं को आगे लाया गया। इसी कड़ी में इस बार पूर्व पीएम नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक डा. स्वामीनाथन को भारत रत्न का ऐलान होना देखा जा सकता है। दक्षिण मिशन के लिए केवल पीएम मोदी ही नहीं बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी कई दौरे किए। काशी तमिल संगमम के आयोजनों की श्रृंखला इसी उद्देश्य से है कि किसी तरह दक्षिण और नॉर्थ के बीच संवादों का एक गलियारा तैयार हो। पीएम मोदी दक्षिण में अपने भाषणों की शुरुआत राज्य भाषा की कुछ पंक्तियों से करते हैं। वहां के प्रसिद्ध कवियों के कविताओं की पंक्तियों का उल्लेख करते हैं। पीएम मोदी ने दक्षिण के मठ मंदिर पुरातत्व संग्रहालय हर जगह जाकर लोगों से संवाद जोड़ा है। संसद में पीएम मोदी की शायद ही कोई स्पीच ऐसी हो जिसमें उन्होंने दक्षिण भारत के संदर्भ में कोई बात न कही हो।बीजेपी ने दक्षिण भारत के राज्यों में भी जनाधार वाले नेताओं पर नजर रखी। साथ ही करिश्माई व्यक्तित्व वाले नेताओं को भी पार्टी से जोड़ने की कोशिश हुई है। असम में हिमंता बिस्वा और पश्चिम बंगाल में सुवेंदु अधिकारी जैसे नेता पार्टी से जुड़े। इसी तरह तेलंगाना में बंदी संजय कुमार पार्टी से जुड़े। तमिलनाडु में प्रशासनिक अधिकारी रहे अन्नामलाई की एन.मन एक मक्कल यानी मेरी भूमि मेरी यात्रा तमिलनाडु के खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बीजेपी से जोड़ रही हैं। आने वाले समय में बीजेपी तमिलनाडु में विपक्ष की बड़ी पार्टी के रूप में दिख सकती है।

दरअसल बीजेपी भविष्य में यहां अन्नाद्रमुक का विकल्प बनने का रास्ता तलाश रही है। यहां डीएमके और कांग्रेस का सशक्त गठबंधन है। इधर बीजेपी में राज्य अध्यक्ष अन्ना मलाई कुप्पूसामी जैसे नेता की धारणा है कि पार्टी अपने ही स्तर पर खड़ी हो। अन्ना द्रमुक में जिस तरह बिखराव आया है उससे बीजेपी अपने लिए संभावना टटोल रही है। हाल ही में अन्ना द्रमुक के कुछ पूर्व विधायक बीजेपी से जुड़े हैं। यही नहीं बीजेपी तमिल लैंड में कन्याकुमारी, रामनाथ पुरम शिवगंगा, मदुरै जैसी कुछ सीटों पर फोकस कर रही है। 2019 लोकसभा में बीजेपी पांच सीटों पर चुनाव लड़ी थी। लेकिन एक भी सीट नहीं जीत पाई। 2021 के विधानसभा चुनाव में उसे चार सीटें मिल गई। लेकिन तब उसके साथ अन्नाद्रमुक भी साथ थी। स्थानीय निकाय के चुनाव में कुछ इलाकों में अकेले चुनाव लड़कर बीजेपी ने अच्छी सफलता पाई। तमिलनाडु में बीजेपी इस कोशिश में है कि द्रमुक के खिलाफ लोगों की नाराजगी के बीच वह विकल्प की तरह नजर आए। खासकर सनातन के पहलू पर डीएमके और बीजेपी के बीच जुबानी जंग भी चली है।

भाजपा ने दक्षिण के प्रवेश द्वार कर्नाटक में काफी पहले अपने आधार को खड़ा कर दिया था। 2007 में येदियुरप्पा राज्य के सीएम बने थे। 2019 की मोदी लहर में कर्नाटक से एनडीए को 28 में पच्चीस सीटें मिली। लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी की हार हुई। बीजेपी 66 और जेडीएस 19 सीटों पर सिमट गई। अब बीजेपी और जेडीएस फिर करीब आए हैं। तेलंगाना में बीजेपी को 17 में चार सीट मिली थी। इसे पार्टी ने बोनस की तरह देखा था। बीजेपी ने 19 प्रतिशत मत हासिल किए थे। आंध्र प्रदेश में बीजेपी का अपना खास आधार नहीं। लेकिन वह जिस पार्टी के साथ जुड़ती है उसका आधार बढ़ता है। पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू प्रतीक्षा कर रहे हैं कि बीजेपी के साथ तालमेल हो। लेकिन सीएम जगनमोहन रेड्डी के साथ भी केंद्र में बीजेपी से सहज रिश्ते रहे हैं। केरल में बीजेपी ने अपना संगठन तो बनाया है लेकिन उसे परिणाम में नहीं बदल सकी है। इस बीच केरल में लेफ्ट और कांग्रेस के बीच का दायरा तेजी से बढ़ा है। बीजेपी यहां ईसाई समुदाय में भी अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। लेकिन सियासी समीकरणों में बीजेपी का रास्ता सहज नहीं हैं।

दक्षिण मिशन को लेकर बीजेपी अपनी रणनीतियों के साथ है। खासकर जहां बीजेपी के लिए अवसर हो सकते हैं उन सीटों पर खासा फोकस किया जा रहा है। संभावित दलों के साथ भी बातचीत की प्रक्रिया चल रही है। राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी दक्षिण के कुछ प्रसिद्ध शिव मंदिरों में गए। बीजेपी इस विश्वास में भी है कि अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन को दक्षिण के लोगों ने बहुत सकारात्मक रूप से देखा है। निश्चित इसके अपने मायने और संदेश भी हैं। मोदी दक्षिण के संतों ,विभूतियों, कवियों, मठों व बीते दौर के बड़े नेताओं का जिक्र करते हुए बीजेपी के लिए दक्षिण का पथ तैयार कर रहे हैं।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

### स्थानीय निकाय जिम्मेदारी पूर्वक कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने संबंधी कार्यवाही पूर्ण करें : कलेक्टर

# योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

सभी विभागों के अंतर्गत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। सभी विभाग इस दिशा में विशेष ध्यान दें की कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए यह निर्देश कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया है कि जिम्मेदारी पूर्वक कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य करें। कोई भी पात्र हितग्राही इस लाभ से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया है कि जिम्मेदारी पूर्वक कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य करें। कोई भी पात्र हितग्राही इस लाभ से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर मीना ने सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन की नवीन शिकायतों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की एवं यह निर्देशित किया है कि नजरंदाज शिकायतों की पुनरावृत्ति ना हो यह समस्त विभाग सुनिश्चित करें। साथ ही साथ डाइट से संबंधित शिकायतों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि नियम अनुसार कार्यवाही करते हुए ऐसी शिकायतों को निराकृत कर बंद किया जाए।लंबित शिकायतों के संबंध में कलेक्टर द्वारा राजस्व विभाग को निर्देशित किया है कि आर.आई, पटवारी की ड्यूटी लगाकर पट्टा, धारण अधिकार आदि के मामलों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाए। इसी के साथ राजस्व महा अभियान अंतर्गत नक्शा तरमीम, ई-केवाईसी, ङ्ग1 वाचन आदि के समस्त लंबित प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की नियमित रिपोर्ट अपडेट कर अवगत कराने के निर्देश समस्त तहसीलदारों को दिए गए। गत दिन जिले के कुछ इलाकों में हुई ओलावृष्टि के कारण फसल नुकसान के प्रकरण बनाकर प्रभावितों को राहत राशि दिलाने का कार्य भी सुनिश्चित किया जाए एवं समस्त तहसीलदार यह भी सुनिश्चित करें कि व्यक्तिगत रूप से कुछ इलाकों की सैंपलिंग करें जिस से वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सके।

**जिले के समस्त स्वीकृत निर्माण कार्य को अविलंब प्रारंभ करें**



उन्होंने समग्र आईडी के संशोधन, आधार लिंकिंग आदि से संबंधित आ रही शिकायतों के निराकरण के लिए समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को भी निर्देशित किया है की ऐसी शिकायतों के निराकरण की दिशा में विशेष रूप से कार्य करें। उन्होंने समस्त विभाग के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों के निराकरण के लिए व्यक्तिगत रूप से फील्ड पर जाकर इस और ध्यान दें। साथ ही शिकायतकर्ताओं को समक्ष बुलाकर उनकी शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराएं। कलेक्टर द्वारा लंबित टी.एल शिकायतों की भी विस्तार से समीक्षा की। निराकृत प्रकरणों को तत्काल बंद किया। लंबित प्रकरणों के संबंध में समस्त विभागों को निर्देशित किया है कि तय समय सीमा के भीतर समस्त प्रकरण का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें। सहकारिता विभाग को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि 1 वर्ष से अधिक लंबित टी एल प्रकरणों को अगली बैठक तक निराकृत करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर द्वारा समस्त एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन के सत्यापन का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें साथ ही इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए कि गलत पंजीयन, गलत गिरदावरी आदि जैसी स्थिति न उत्पन्न हो। उज्ज्वला योजना में प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति करने पर खाद्य विभाग की प्रशंसा भी की।

कलेक्टर मीणा द्वारा जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की भी विस्तार पूर्वक समीक्षा की एवं समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि एक सप्ताह के भीतर लंबित प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोहन सिंह रावत, अपर कलेक्टर डीके सिंह सहित समस्त विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

### टीएल बैठक में मौजूद रहे सभी विभाग के अधिकारी

# कलेक्टर ने विभागीय गतिविधियों और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा



**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर दुबे ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों तथा उनके निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डी तथा सी ग्रेड में शामिल विभागों के जिला अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए आगामी सात दिवस में अधिकाधिक शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही बी ग्रेड में शामिल विभागों के अधिकारियों को और अधिक मेहतन कर ए ग्रेड में आने के लिए कहा। बैठक में कलेक्टर दुबे ने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिले में किसान पंजीयन की जानकारी लेते हुए कहा कि शासन द्वारा किसान पंजीयन के लिए 6 मार्च तक की तिथि निर्धारित की गई है। जिले में गेहूं उत्पादन वाले अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराएं। जिले में अभी तक गेहॅू उपार्जन हेतु 72 हजार से अधिक किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। उन्होंने विकास और निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो विकास कार्य स्वीकृत हो गए हैं, लेकिन प्रारंभ नहीं हुए हैं। उन्हें जल्द प्रारंभ कराया जाए। कलेक्टर ने विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों की आधार सिडिंग की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पीएचई, राजस्व, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्वेता पवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश सिंह तथा डिप्टी कलेक्टर अमृता गर्ग सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने प्रदान किए श्रवण यंत्र




**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

जिला अस्पताल में विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जन्म दोष पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर 60 व्यक्तियों की जांच की गई जिसमें 20 बच्चे शामिल थे। कार्यक्रम में विधायक श्री सुदेश राय द्वारा 10 व्यक्तियों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए । यह श्रवण यंत्र सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर विधायक राय ने कहा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र के माध्यम से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही है। प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुविधाजनक और आमजनों के लिए आसान बनाने का कार्य किए जा रहे है। जिला चिकित्सालय के अतिरिक्त सह कार्यक्रम समस्त सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, समस्त पीएचसी एवं ग्राम आरोग्य केन्द्रों पर भी आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ.प्रवीर गुप्ता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.सुधीर श्रीवास्तवद्वारा जन्म दोषों के बारे में बचाव एवं इलाज संबंधित जानकारी दी गई ।

## ओलावृष्टि सर्वे तत्काल करने के निर्देश

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में हुई असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि को लेकर सभी संबंधित कलेक्टरों को तत्काल सर्वे के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि हाल ही में कुछ जिलों में हुई ओलावृष्टि के दृष्टिगत सर्वेक्षण सहित प्रभावित किसानों को राहत के लिए आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को किसानों ने अतिवर्षा तथा ओलावृष्टि से आंशिक नुकसान की जानकारी दी है। प्रदेश में कुछ स्थानों से अतिवर्षा से फसलों के कुछ नुकसान के समाचार प्राप्त हुए हैं।

## जिला स्तरीय मिलेट्स मेला का आयोजन

# जो आप बोओगे, वहीं समाज खाएगा : विधायक डॉ. शर्मा

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्री अन्न (मोटा अनाज) को ब?ावा दिया जा रहा है, वर्ष 2018 को हमारे देश में राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया गया। हमारे देश के इन्ही प्रस्ताव और प्रयासो के फलस्वरूप ही संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिलेटस इयर घोषित किया था। इसी क्रम में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन-श्री अन्न (मिलेट्स) के स्वास्थ पर सकारात्मक प्रभाव, मोटे अनाज वाली फसलों का क्षेत्र विस्तार, उत्पादकता वृद्धि प्रसंस्करण मूल्य संवर्द्धन एवं आमजन के बीच प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय मिलेट्स मेला व प्रदर्शनी का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सीतासरन शर्मा विधायक नर्मदापुरम, अजीत सिंह मण्डलोई अध्यक्ष कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत,पीयूष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश तैराकी संघ, राहुल सोलंकी मण्डल अध्यक्ष, बृजकिशोर पटैल विधायक प्रतिनिधि, एस.एस. रावत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम, जे.आर.हे?ाऊ उप संचालक कृषि एवं जिले के कृषकगण उपस्थित रहे।

मेले में कृषि वैज्ञानिको द्वारा श्री अन्न (मोटा अनाज) जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, सांबा, कोदो कुटकी, चना आदि फसलों के उत्पादन की तकनीक, नवीन किस्में और कीट व्याधि प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया यह अत्यंत गौरव की बात है कि वर्ष मे निरंतर 03 फसल उत्पादन के कारण हमारे नर्मदापुरम




जिले की फसल सघनता 280 प्रतिशत है, जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। उपजाऊ भूमि होने, 93 प्रतिशत सिंचित होने, किसानो द्वारा फसल उत्पादन की नवीन तकनीको के साथ मेहनत करने से अभी भरपूत उत्पादन हो रहा है, किंतु ज्यादा से ज्यादा उत्पादन लेने की हो? में हम अत्याधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरको का प्रयोग कर रहे है, जिससे इतनी उपजाऊ जमीन के बंजर होने की संभावना से इनकार नही किया जा सकता। हमारी आने वाली पी?ी को भी इसी प्रकार भरपूर फसल उत्पादन मिलता रहे, इसके लिये यह जरूरी है कि इस भूमि की उर्वरक क्षमता हमको बनाये रखना है, इसके लिए सुपर फूड (मिलेट्स) मोटा अनाज वाली फसलों को अपेक्षाकृत कम खाद का प्रयोग करके आसानी से उगाया जा सकता है, जिससे मिट्टी की उत्पादकता बनी रहेगी। साथ ही यह संदेश देने का प्रयास किया कि मिलेट्स का इस्तेमाल कितना उपयोगी है, ताकि लोग मिलेट्स का प्रयोग, अपनी जीवन शैली में ज्यादा से ज्यादा करे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक नर्मदापुरम द्वारा कृषको को बताया गया कि ''जो आप उगाओगे, वहीं समाज खाएगा'' हम अपनी संस्कृति और सभ्यता से जु? हुए है और आने वाले पी?ी को यह श्री अन्न रूपी धरोहर प्रदान करना चाहते है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आने वाले पी?ी भी स्वस्थ व निरोगी रहे। जब हम ज्यादा से ज्यादा मिलेट्स उगाएंगे तब ही समाज के सभी नागरिको तक इसकी पहुंच ब?ेगी। उन्होने बताया कि जिस तरह से मिट्टी को जलाकर ईट बनाई जाती है और जली हुई मिट्टी की ईट पर कोई भी फसल नही उगती, उसी प्रकार हमारे कुछ किसान पराली में आग लगाकर खेत की मिट्टी को बंजर बना रहे है। हमें अपने खेतो की पराली को जलाना बंद करना चाहिए और रासायनिक कीटनाशको के अंधाधुंध प्रयोग को रोकने की जरूरत है। आईए हम भारत सरकार और प्रधानमंत्री जी के साथ अब हम इस क्षेत्र में भी आगे जाएंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम द्वारा बताया गया कि जल, वायु, जमीन और जरूरत के आधार पर किसान अपनी फसल लगाते है, पूर्व में कुछ दशको से जरूरत के आधार पर हमने गेंहू चावल की खेती की है, लेकिन आने वाला समय पौष्टिक श्री अन्न (मोटे अनाज) का है, जो कि मूल रूप से हमारा मुख्य अन्न है। देश में हमारे पूर्वज मोटा अनाज ही उगाया करते थे और हमारा वातावरण जलवायु मोटे अनाज उत्पादन के लिए अनुकूल है। समस्त जीवों व फसलों के लिए पर्यावरण की अनुकूलता बहुत जरूरी है। पर्यावरण ही यह तय करता है कि किस प्रकार के जीव एवं वनस्पति यहां रहेंगे। मिलेट्स मोटा अनाज हमारे वातावरण के जीवों के लिए प्रकृति द्वारा दिया गया है। शासन की ओर किसानों को पुनः मिलेट्स उत्पादन करने के लिए प्रेरित कर रहा है तथा मिलेट्स उत्पादन करने वाले किसानों को उपज के अच्छे दाम दिलाने और उपज को बेचने हेतु उपर्युक्त बाजार उपलब्ध कराने के लिए हर संभव सहायता की जा रही है। मिलेट्स उत्पादन के साथ-साथ आय के लिए मिलेट्स का प्रसंस्करण और मूल्य संवर्द्धन भी आवश्यक है।

**मेट्रो एंकर**

### माखन नगर विकासखंड के सचिवों की मनमानी पर आयोग का निर्णय

# ग्राम पंचायत शुक्करवाड़ा के रोजगार सहायक सहित दो सचिवों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

माखन नगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत शुक्करवाड़ा के तत्कालीन पंचायत सचिव रूपनारायण त्रिवेदी और ओमप्रकाश भदोरिया सहित ग्राम पंचायत शुक्करवाडा के रोजगार सहायक आशीष गौर के विरुद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 20 (2) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी को दिए. मुख्य सूचना आयुक्त ए के शुक्ला द्वारा जारी आदेश के तहत जिला पंचायत सीईओ को अनुशासनात्मक करवाई करके कार्रवाई के निर्णय से 6 माह में आयोग को अवगत कराना होगा.

उक्त आदेश जारी करने के पूर्व अपीलार्थी के आवेदन का निराकरण निर्धारित समय अवधि में नहीं किए जाने के कारण ग्राम पंचायत सचिव शु?्कर वाडा

**राज्य सूचना आयोग ने जिला पंचायत सीईओ को 6 माह में विभागीय कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा**




कला तहसील माखन नगर जिला नर्मदापुरम के लोक सूचना अधिकारी को अधिनियम की धारा 20(1) के तहत शास्ति या धारा 200(2 )के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु कार्रवाई किए जाने के संबंध में दिनांक 9 नवंबर 2023 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के आदेश पारित किए गए थे. कारण बताओ सूचना पत्र के संबंध में लोक सूचना अधिकारी द्वारा समाधान परक जवाब प्रस्तुत न करने पर आयोग द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया गया।

**क्या था मामला..**

नर्मदापुरम के पत्रकार एवं आरटीआई कार्यकर्ता संतराम निशरेले द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत ग्राम पंचायत शुक्करवाड़ा जनपद पंचायत माखन नगर के नाम दिनांक 12 /11 /2021 को आवेदन प्रेषित करते हुए ग्राम पंचायत में दर्ज जॉब कार्ड धारी से कराए गए कार्य एवं उनको किए गए भुगतान व अन्य संबंधित जानकारी चाही थी। ग्राम पंचायत से जानकारी प्राप्त न होने की दशा में संतराम द्वारा राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील प्रस्तुत की गई थी। आयोग द्वारा ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव एवं रोजगार सहायक से जानकारी न दिए जाने को लेकर जवाब मांगे गए थे। आयोग को दिए गए जवाब में भिन्नता होने से तथा जवाब समाधान परक न होने से तत्कालीन दोनों सचिव एवं रोजगार सहायक शु ?्करवाड़ा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया गया।




### पानी की समस्या को लेकर एसडीएम ने ली संयुक्त अमले की बैठक

# 21 पंचायत में जलसंकट, 16 ग्रामों में दूर से लाना पड़ा पानी, हेडपंपों में पाइप बढ़ाने पर दिया जोर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विकासखंड में अल्प वर्षा के कारण पानी को लेकर समस्या उत्पन्न हो रही है। किसको लेकर लगातार शिकायतें भी की जा रही है विधायक भी ज्ञापन दे चुके हैं। दूसरी ओर प्रशासन इस समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाते हुए नजर आ रहा है ।इसी संदर्भ में एसडीएम हर्षल चौधरी ने सोमवार को एक बड़ी बैठा के ली जिसमें पीएचई विभाग एई से लेकर एसडीओ, डब्लू आर डी एई से लेकर अमला मौजूद था जनपद सीईओ वंदना शर्मा के साथ पंचायत सचिव ,रोजगार सहायक तहसीलदार एवं राजस्व विभाग की संयुक्त बैठक लेते हुए उन्होंने वन टू वन चर्चा की। जिसमें सबसे पहले ऐसी ग्राम पंचायतों तथा गांव की जानकारी दी जहां पर पानी की विकट समस्या अभी से होने वाली है। वहीं पानी की समास्या के समाधान के लिए चार के डिग्री तैयार की गई है ए,बी,सी,डी जिसमें सबसे पहले 21 उन पंचायतों निकली जिनमें अभी पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसी ग्राम पंचायत है जिनके में पानी की परेशानी को दूर करने के लिए विशेष रूप से काम किया जाएगा पीएचई विभाग की आठ टीमों को इन ग्रामों में लगातार भ्रमण करके सभी सरकारी हेड पंपों में पाइपलाइन बढ़कर इनको चालू करवाया जाएगा उनका उद्देश्य है यदि पीएचडी विभाग 60 प्रतिशत हेड पंपों को भी चालू कर देता है तो गांव में पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी इस पर विशेष फोकस किया जाएगा दूसरी ओर 16 ऐसे ग्रामों निकाल कर सामने आए हैं जहां पर पानी की उपलब्धता नहीं है ग्रामीणों को 1 किलोमिटर से लेकर डेढ़ किलोमीटर दूरी से पानी लाना पड़ता है।



### टैंकर को तत्काल ठीक करवाने के दिए निर्देश

एसडीएम ने सभी पटवारी को इन ग्रामों में जितने भी निजी लोगों बोर है उनकी जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए हैं। इन सभी बोरो को शान अधिग्रहण करके गांव में पानी की उपलब्धता के लिए निजी बोरों का उपयोग करेगा साथ ही उन्होंने कहा है जिन बोरों में मोटर और पाइपलाइन है नहीं है उसकी जानकारी दे यदि पाइपलाइन और मोटर नहीं है तो पीएचई विभाग से इनमें पाइप लाइन और मोटर डलवा कर पानी की सप्लाई के लिए टैंकर लगाए जाएंगे सभी ग्राम पंचायत को उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जितनी भी टैंकर पंचायत पर उपलब्ध है उनको तत्काल ठीक करवा कर रखें जब भी आवश्यकता पड़ेगी इनका उपयोग जल सप्लाई के लिए किया जाएगा 37 पंचायतों ऐसी निकली है जिनमें मई- जून से पानी की समस्या होगी दूसरी ओर 35 पंचायत ऐसी भी है जहां पर जून के बाद पानी की दिक्कत हो सकती है। नको ए एवं बी के डिग्री में रखा गया है। इसके अलावा उन्होंने तहसीलदारों पीएच विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी सरकारी हेड पंप और बोर हैं जिन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है उनको भी चिन्हित करके तत्काल ऐसे लोगों पर कार्रवाई करते हुए इन्हें अतिक्रमण मुक्त करवाया जाए जिससे इनका उपयोग आमजन को पानी पीने के लिए किया जाए इन में हेड पंप नहीं डाले हैं तो हेड पंप डलवाकर ठीक किया जाए एसडीएम ने पीएच विभाग एवं डब्लूआरडी तथा जनपद पंचायत राजस्व विभाग के अमले को पूरी सतर्कता के साथ काम करने की हिदायत देते हुए कहा के किसी भी गांव में पानी की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए यदि कहीं भी पानी की समस्या उत्पन्न होती र है तो उसके समाधान के लिए सभी जरूरी कदम सबको मिलकर उठाना है। इसमें किसी भी तरह की लेटलतीफी होनी चाहिए कहीं से भी कोई शिकायत आती है तो उसका तुरंत समाधान किया जाए हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने की बात कही गई है।

### शहर में पानी की समस्या, जायजा लेने के आदेश

शहर में भी पानी को लेकर समस्या हो रही है जिसको लेकर एक दिन पहले ही नगरी प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने जायजा लेकर इंतजाम करने के दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान पीएचई एई संतोष साब्ले, तहसीलदार संजय चौरसिया, सीईओ वंदना शर्मा, पीएचई एसडीओ जसवंत सिंह सिरोही, के साथ प्रशासनिक अमला मौजूद था। अब देखना है कि इन निर्देशों के बाद धरातल पर पानी की समस्या को दूर करने के लिए कितने ठोस कदम उठा जाएंगे क्योंकि अधिकांश हेड पंप पाइपलाइन के अभाव में सूख गए हैं कुछ पर दबंग लोगों ने कब्जा कर रखा है। अधिकांश ग्राम पंचायत के टैंकर किराए पर चल रहा है उनकी हालत भी खराब हो गई है।

### थाना पथरिया पुलिस की कार्रवाई

# 50 हजार कीमत की अवैध शराब जब्त




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस अधीक्षक जिला विदिशा दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब, जुआ, सट्टा धरपकड़ के लिए निर्देशित किया गया है। आदेश के पालन मे एसडीओपी कुरवाई मनीष राज के मार्गदर्शन में थाना पथरिया द्वारा सोमवार को अवैध शराब ले जाने की मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह के द्वारा तत्काल टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा ग्राम चितोरा आम रोड पर आरोपी राजाराम उर्फबाबू पिता कमल सिंह राजपूत उम्र 47 साल निवासी ग्राम जाठौदा थाना नटेरन जिला विदिशा के कब्जे से 10 पेटी पावर स्ट्रोंग विस्की लाल मसाला कुल 500 क्वार्टर कीमती 50000/- रुपए एवं एक कार बिटारा ब्रेजा रजि.04 क्र. 9275 कीमती 800000/- रूपये कुल मशरूका कीमती 8,50000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त शराब कहा से लाई इस संबध में आरोपी से पूछताछ की जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जाएगा। विशेष भूमिका- उनि. ऋतुराज सिंह, सउनि. विजय सिंह, आर शुभेन्द्र, आर अंकुश, आर.87 पवन, आर.1054 विश्वेस, सैनिक कमल सिंह की रही।

### सरपंच-सचिव ने अमन शर्मा के फर्म के नाम से क्रय किया हजारों रुपए का भूसा

# भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम पंचायत ऐंचदा के सरपंच-सचिव





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जनपद पंचायत नटेरन की ग्राम पंचायत ऐचदा में भ्रष्टाचार करने की नई-नई तरकीब निकाल कर बिना किसी भय के भ्रष्टाचार किया जा रहा है, क्योंकि ग्राम पंचायत द्वारा आय दिन किये जा रहे भ्रष्टाचार की खबरें प्रकाशित होती रहती है, इसके बाद भी जनपद पंचायत में बैठे हुऐ जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही के नाम पर महज पंचनामा बनाकर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर मामले को रफा-दफा कर देते हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत ऐचदा का सामने आया है, जहां पर ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा (1) अमन शर्मा के फर्म के नाम से हजारों रुपये का भूसा क्रय किया गया है। इस फार्म के मालिक अमन शर्मा जिनकी विक्रेता आईडी क्रमांक 2619747 है। के नाम से ग्राम पंचायत द्वारा साफ-सफाई कर के नाम से लाखों रुपये भुगतान किया गया है। प्राय देखने यह आता है कि क्या जिसकी भूसा विक्रय की फर्म हो क्या और उस फर्म का मालिक ग्राम पंचायत में साफ-सफाई एवं पुताई करने आयेगा। ग्राम पंचायत का एक दूसरा और काला कारनामा सामने आया है जहां पर ग्राम पंचायत ऐचदा के सरपंच सचिव द्वारा ग्रामीण प्रेमनारायण जिनकी विक्रेता आई क्रमांक 2555754 में सफाई के नाम से, एवं चौकीदार वेतन मान,दीपावली पर पुताई के नाम से हजारों रुपए की राशि निकाली गई। परंतु इतना सब कुछ ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव कर रहे हैं मजेदार बात किसी भी जिम्मेदार अधिकारी को भ्रष्टाचार दिखाई नहीं देता है, क्योंकि इन सब लोगों पर गांधी छाप चश्मे का जो प्रभाव है।

### नाबालिग बच्चों, बेतरतीब खड़े वाहन, फटाके की आवाज वाली बुलेट को चेक किया

# यातायात पुलिस ने ओवरलोडिंग, लापरवाही से वाहन खड़े करने वालों पर की चालानी कार्रवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



एक दिन पहले एसडीओ उमेश कुमार त्रिपाठी की मौजूदगी में थाने में हुई जन संवाद में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अधिकांश लोगों ने शिकायत की थी। जिसके बाद एसडीओपी ने समस्या के समाधान के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश यातायात प्रभारी रितेश वाघेला को दिए थे। इसी के चलते सोमवार को यातायात प्रभारी ने मंडी बाईपास रोड पर अमले के साथ ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई की जिनके द्वारा सड़कों पर कहीं भी इनको खड़े कर दिए जाते हैं, इस वजह से यातायत प्रभावित होता है।ओर भारी वाहनों की एंट्री दिन के समय प्रतिबंधित है इसके बाद भी शहर में प्रवेश कर रहे हैं। इन पर भी चालानी कार्रवाई की ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों चालकों पर भी चालानी कार्रवाई की तथा शराब दुकान के बाहर खुलेआम शराब पीकर हंगामा करने वालों को सख्त हिदायत देते कहा कि खुले में कोई भी शराब नहीं पिएगा पीना है तो घर पर जाकर पीएं दूसरी ओर शराब दुकान के बाहर बड़ी संख्या में गुमती रखी रहती है जहां पर दिन बहार शराबियों की भीड़ लग रही रहती है। इनको भी यहां से हटाने की बात कहते हुए कहा यदि यहां पर कोई गुमठी राखी मिलती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।कई शराबी शराब दुकान के बाहर ही बैठकर शराब पीकर हंगामा करते रहते हैं इस वजह से यहां पर कई बार यातायात की समस्या उत्पन्न होती है वैसे ही बड़े मार्गों को जाने का यही रास्ता है। इसके अलावा इन्होंने दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों पर भी चालान कार्रवाई की जिनके द्वारा यातायात विभाग के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। यातायात प्रभारी रितेश वाघेला ने बताया कि निरंतर हमारी कार्रवाई जारी रहेगी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक करेंगे जाम की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी जो भी नियमों का पालन नहीं करेगा उसे पर हम कार्रवाई करेंगे 10 के करीब वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 5000 से अधिक की जुर्माना राशि भी वसूली दूसरी ओर चलानी कार्रवाई की भनक लगते ही कई वाहन चालक रास्ता बदल कर जाते हुए नजर आए।



### मेट्रो एंकर

### प्रधानमंत्री पर टिप्पणी करने के विरोध में विधायक ने किया प्रदर्शन, कहा-

# 'इंडी गठबंधन ने प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि देश के लोगों का अपमान किया है राहुल-लालू माफी मांगे'

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नरेंद्र मोदी हमारा मान सम्मान स्वाभिमान है उनके विषय मे चारा घोटाले के आरोपी और इंडी गठबंधन के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा परिवार को लेकर जो अभद्र टिप्पणी की है उसका में विरोध करते हुए कहता हूं कि नरेन्द्र मोदी एवं उनका परिवार केवल प्रधानमंत्री का परिवार नही बल्कि यह देश के एक एक गरीब शोषित पीड़ित आम नागरिक का परिवार है । में मांग करता हूं कि बयान देने वाले ओछी मानसिकता के नेता प्रधानमंत्री से सार्वजनिक माफी मांगे।

यह बात सोमवार को सिरोंज लटेरी विधानसभा के भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने स्थानीय बस स्टैंड पर तात्या टोपे की रोटरी के पास सार्वजनिक निंदा करते हुए कही। नरेंद्र मोदी एप के ब्रांड एम्बेसडर बनाने के लिए सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग की टीम के साथ पहुँचे थे इस दौरान विधायक सहित सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फेटो सहित मेरा भारत मेरा अभिमान के पोस्टर को अपने सीने पर लगा रखे थे। अपने प्रवास के दौरान निंदा प्रदर्शन करते हुए आम नागरिकों को देश की कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी व इंडी गठबंधन में शामिल बिहार के आरजेडी दल के नेता लालू यादव के द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री मोदी पर एक आमसभा के दौरान किए गए निजी हमले के आरोपों से अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को एक एक परिवार का सदस्य बताते हुए कहा कि मोदी देश के ही नही विश्व के महानतम



प्रधानमंत्री है कांग्रेस और इंडी के नेता जो खुद भ्रष्टाचार के चलते जेल की हवा खाते फिर रहे है जिन्होनें अपने निजी स्वार्थ के चलते अपने देश की जमीन को चीन पाकिस्तान को दे दी वह लोग नरेंद्र मोदी पर उंगली उठा रहे है। विधायक शर्मा ने मोदी के पक्ष में जोरदार नारे लगाते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी भारत को अपना परिवार मानते है उन्होंने नारा दिया है मेरा भारत मेरा परिवार लेकिन यह विपक्षी दल के नेता देश की एकता अखंडता को नष्ट करना चाहते है। उन्होंने इंडी गठबंधन में शामिल राजनेतिक दलों के नेताओ से लालू यादव के द्वारा की गई इस अमानवीय टिप्पणी पर खेद जताते हुए देश के नागरिको ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सार्वजनिक मांगी मांगने की बात कही। इस दौरान प्रमुख रूप से मीडिया प्रभारी सचिन शर्मा सहित अनेक नागरिकगण उपस्थित रहे।

# निर्वाचन के दौरान संयुक्त समन्वय से जांच पड़ताल के कार्यों का संपादन करें

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर प्रवर्तन ऐजेंसियों के माध्यम से संपादित किए जाने वाले कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिस प्रकार टीम वर्क की भावना से कार्य कर जांच पड़ताल के कार्य किए गए हैं ठीक वैसे ही लोकसभा निर्वाचन के दौरान कार्यों का संपादन हो। कलेक्टर ने कहा कि विदिशा जिले के हाईवे मार्गों सहित अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चैक पोस्ट बनाए जाएंगे इसके लिए अधिकारी, कर्मचारियों को बकायदा नामदर्ज सहित ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने रेलवे के माध्यम से निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार से आकृत्य गतिविधियों का संचालन ना हो पाए।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

Phone/Fax No. 07570-220249, Email ID- Cmoseonimalwa@mpuran.gov.in

क्रमांक/424/न.पा./2024 सिवनी मालवा दिनांक 20/02/2024

**निविदा/नीलामी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सि.मा. द्वारा रेलवे ब्रिज बानापुरा की निर्माणाधीन अस्थाई गुमठियां/टप (दुकान) को अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत (1) गुमठियों की नीलामी, (2) हनुमान मंदिर के सामने रिक्त भवन जहां जैसी स्थिति में है, (3) बानापुरा स्थित नव निर्मित मंगल भवन परिसर (भवनों की अस्थाई लीज अवधि 3 वर्ष) की नीलामी दिनांक 09/03/2024 को बानापुरा ब्रिज के नीचे दोपहर 12 बजे से की जावेगी, इच्छुक व्यक्ति निर्धारित नीलामी अमानत राशि 25000/- रुपए जमा कर नीलामी शर्तों से सहमत होकर भाग ले सकता है।

नोटः- नीलामी से संबंधित शर्ते एवं जानकारी नगरपालिका की राजस्व शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
सिवनी मालवा

### कोलार के बैरागढ़ चीचली में मुख्य सड़क पर पुलिया के पास हुआ हादसा

# इनोवा कार ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**भोपाल। कोलार थाना क्षेत्र स्थित बैरागढ़ चीचली में मुख्य सड़क पर पुलिया के पास सोमवार शाम इनोवा कार ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर बाइक में पीछे से लगने के कारण बाइक पर पीछे बैठे युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**



पुलिस के अनुसार चंद्रशेखर वर्मा पिता एचएस वर्मा (46) सी सेक्टर शाहपुरा में रहते थे और सेमसंग कंपनी में आउटडोर का काम करते थे। उनके साथ तिरुपति धाम, लांबाखेड़ा निवासी भारत राठौर भी सेमसंग कंपनी में काम करता है। भारत राठौर ने बताया कि उनका काम कोलार में चल रहा?था। कल शाम करीब सात बजे वह काम से बैरागढ़ चीचली जा रहे थे। इस दौरान पुलिया के पास पीछे से आ रही इनोवा कार ने बाइक को पीछे की तरफ जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे दोनों बाइक समेत नीचे गिर गए। हादसे के बाद राहगीरों ने घटना की सूचना एंबुलेंस को दी थी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस भारत और चंद्रशेखर वर्मा को लेकर निजी अपताल पहुंची। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात चंद्रशेखर की मौत हो गई, जबकि भारत राठौर का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि हादसे के समय बाइक भारत राठौर चला रहा था और चंद्रशेखर पीछे बैठे थे। टक्कर पीछे से लगने के कारण चंद्रशेखर को गंभीर चोट आई?थी। पुलिस ने इनोवा वाहन को जब्त कर लिया है।

## बंसल ग्रुप के डायरेक्टर और कर्मचारियों ने NHAI अफसरों को रिश्वत में दिए 2 करोड़, बरामद

भोपाल, दोपहर मेट्रो




**नागपुर, हरदा, विदिशा, भोपाल, डिंडोरी में 16 स्थानों पर सर्चिंग की कार्रवाई जारी**

एनएचएआई के मप्र और महाराष्ट, के विभिन्न रोड प्रोजेक्ट का काम कर रही बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स लिमिटेड के डायरेक्टर्स ने कर्मचारियों के मार्फत NHAI अफसरों को 2 करोड़ रुपए की रिश्वत दी है। रिश्चत की यह रकम NHAI अफसरों और बंसल ग्रुप के कर्मचारियों से सीबीआई ने बरामद कर ली है। यह जानकारी सोमवार को सीबीआई ने अपनी मीडिया रिपोर्ट में दी है।

सीबीआई अफसरों ने बताया कि बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स लिमिटेड के डायरेक्टर्स, कर्मचारी और NHAI के नागपुर, हरदा, विदिशा, डिंडोरी और भोपाल में दफ्तर और घरों पर 16 स्थानों पर सर्चिंग की कार्रवाई सोमवार को भी जारी रही। रविवार को सीबीआई ने बंसल ग्रुप के डायरेक्टर्स और एनएचएआई अफसरों से रिश्वत के रूप में दी गई रकम 1.10 करोड़ रुपए बरामद किए थे। सोमवार क ग्रुप के डायरेक्टर अनिल बंसल, कुनाल बंसल और NHAI अफसरों से 90 लाख रुपए और बरामद किए। इससे प्रोजेक्ट के बिलों के पेमेंट, कंपलीशन सर्टीफिकेट जारी करने सहित दूसरी मदद के लिए NHAI अफसरों को दी गई रकम बढ़कर अब 2 करोड़ रुपए हो गई है।

## केंद्र सरकार द्वारा पारित आपराधिक कानूनों को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ



भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी के देहात थाना बैरसिया परिसर में अधिकारीयों-कर्मचारियों का नवीन दंड विधि के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी थाने के बल के साथ शामिल हुए। कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारीयों के विधिक ज्ञान एवं दक्षता में वृद्धि करना एवं नई दंड विधि के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित करना था।

कार्यशाला का शुभारंभ एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में वीरेंद्र सिंह गुर्जर सेवानिवृत्त उ.पु.अ. द्वारा नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं विजय बंसल विधि अधिकारी द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्षय संहिता 2023 विषय के बारे में विस्तार पूर्वक बताया व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशनों के उत्तर देकर स्पष्ट किया। पुलिस अधिकारियों ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में नवीन दंड की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता पर अपनाई जाने वाली सावधानियां के विषय पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

प्रशिक्षण शिविर के उपरांत पुलिस अधीक्षक भोपाल देहात द्वारा थाना बैरसिया परिसर में पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें जिले के समस्त अधिकारी गण व कर्मचारी गण उपस्थित रहे पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारीयो व कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक पूछा व समस्या का निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया, साथ ही स्वयं व परिवार के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहने के लिए कहा । जिले में चल रही पुलिस योजनाओं का लाभ लेने के लिए दिशा निर्देश दिए ।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बजरिया थाना क्षेत्र स्थित बापू कॉलोनी, सेमरा गेट पर रहने वाले एक युवक ने रविवार दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार देशराज पिता रामभरोसे कुशवाह (40) बापू कॉलोनी, सेमरा गेट के पास मकान नंबर 101 में रहता था। परिवार में उसका बड़ा भाई पप्पू कुशवाह और मां है। पप्पू कुशवाह ने पुलिस को बताया कि भाई देशराज प्राइवेट काम करता था और शराब पीने का आदी था। उसकी लत के कारण पत्नी


फाइल फोटो

बच्चों को के साथ अलग रह रही है। पप्पू सोमवार काम पर गया था। दोपहर करीब पौने तीन बजे के आसपास खाना खाने घर पहुंचा तो उसने देशराज को फांसी के फंदे पर लटका देखा। देशराज ने पाइप पर साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। साड़ी का फंदा काटने के बाद उसने पुलिस को सूचना दी थी।

## प्रभात चौराहा पर नाले में मिली युवक की लाश, पुलिस कर रही जांच

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित प्रभात चौराहा पर बीती रात एक युवक की लाश नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। अनुमान है कि वह शराब के नशे में नाले में गिरा है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। साथ ही उसके साथ कल रात कौन था उसकी भी तलाश की जा रही है।

हेड कांस्टेबल तनवीर सिंह ने बताया कि इमरान पिता वाजिद खान (35) वल्लभ नगर झुग्गी थाना अरेरा हिल्स में रहता?था और पुताई के ठेके लेता था। वह शराब पीने का आदी था। उसकी लाश प्रभात चौराहा स्थित वाइन शॉप के सामने सड़क की दूसरी तरफ नाले से बरामद की गई। पुलिस को रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास सूचना मिली थी कि नाले में किसी की लाश पड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो पता चला कि लाश औंधे मुंह नाले में पड़ी हुई?थी। पुलिस का कहना है कि यहां नाले के पास बनी करीब एक फिट की दीवार पर अक्सर लोग नशे में बैठने का प्रयास करते हैं और लड़खड़ाकर गिर जाते हैं। नाला बड़ा है और उसमें कीचड़ भी ज्यादा होने के कारण संभलने का मौका नहीं मिल पाता। इस नाले में इससे पूर्व भी इसी तरह की घटनाएं हो चुकी है। कुछ जगह नाले को कवर कर दिया गया है, जबकि जहां इमरान गिरा है वहां नाला खुला हुआ है।



## शराब तस्कर से 27 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब जब्त

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोलार रोड पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 27 लीटर देशी और विदेशी शराब जब्त की है।

पुलिस आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। पुलि के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सुरैया नगर में पान की गुमठी के पास एक युवक अवैध शराब लिए खड़ा है और उसे बेचने की बात कर रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस की टीम ने गांव सुरैया नगर में घेराबंदी करते हुए पान की गुमठी के पास से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 27 लीटर शराब जब्त की गई। संदेही की पहचान रामप्रसाद पाल पिता स्व. टंडा पाल (55) ग्राम झुकर जोगी, लटेरी,


फाइल फोटो

जिला विदिशा के रूप में की गई। आरोपी की तलाशी लेने पर 50 नग सफेद देशी मदिरा शराब शीलबंद, 9 लीटर, दूसरे खोखे में 49 नग सफेद देशी मदिरा शराब शीलबंद कुल 8.82 लीटर तथा तीसरे खोखे मे 31 नग सुपर मास्टर अंग्रेजी शराब के क्वार्टर शीलबंद कुल 5.58 लीटर एवं एक थैले मे 05 नग बीयर कुल 3.25 लीटर मिली। जब्त शराब की कीमत दस हजार रुपए बताई जा रही है।

**मेट्रो एंकर** ओरायन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पढ़ता था छात्र

# छत से कूदकर नवीं कक्षा के छात्र की आत्महत्या का मामला: आज स्कूल पहुंचकर बयान दर्ज करेगी पुलिस

### पढ़ाई के दबाव आत्महत्या का अनुमान

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोलार थाना क्षेत्र स्थित विशाल टावर, दानिशकुंज में सोमवार दोपहर करीब पौने तीन बजे के आसपास छत से कूदकर जान देने वाले नवीं कक्षा के छात्र की आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। शोकाकुल परिजन छात्र का शव लेकर रीवा अपने पैतृक गांव चले गए हैं। वहां आज छात्र का अंतिम संस्कार किया जाएगा। पुलिस का कहना है?कि आज स्कूल पहुंचकर छात्र के दोस्तों और टीचर से पूछताछ की जाएगी। अनुमान है कि छात्र ने पढ़ाई के दबाव में यह कदम उठाया है।

उल्लेखनीय है कि अतुलित पांडे पिता नीरेंद्र पांडे (15) एफ-1, विशाल टावर, दानिशकुंज कोलार में रहता था और औरायन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में कक्षा नवीं में पढ़ता था। परिजन ने बताया कि सोमवार दोपहर अतुलित स्कूल से लौटा था। इसके बाद छत से नीचे गिर गया। सामने किराना की दुकान का संचालन करते वाले व्यक्ति ने शोर मचाया तो परिजन समेत आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। परिजन अतुलित को लेकर पास के ही निजी अस्पताल पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही अतुलित को मृत घोषित कर दिया।



### बाउंड्रीवाल की हाइट ज्यादा

विशाल टावर पर बने मकानों की नीचे दुकान है, जबकि ऊपर डुप्लेक्स बनें हुए है। डुप्लेक्स के ऊपर बाउंड्री वॉल की हाइट करीब चार फीट के आसपास है। इस स्थिति हादसा होने की उम्मीद कम हैं। पुलिस का कहना है कि जिस जगह छत से छात्र ने कूदकर जान दी है। वहां एक टीन का डिब्बा रखा हुआ है। अनुमान है कि छात्र ने इसी डिब्बे की मदद से बांउड्री वॉल पर छड़कर नीचे छलांग लगाई थी।

### इकलौता था अतुलित

अतुलित के पिता गुजरात में नौकरी करते हैं। मूलत- रीवा का रहने वाला परिवार यहां विशाल टावर में रहता था। अतुलित की दो बहनें और मां दादा- दादी यहां विशाल टावर में रह रहे हैं। इसके अलावा अतुलित के ताऊ का परिवार भी यहीं रहता है। परिजन का कहना है कि अतुलित स्कूल से आया था और घर नहीं पहुंचा। सीधे वह छत पर गया था। इसके बाद उन्हें उसके छत से नीचे गिरने की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पता चला कि छत पर अतुलित का बैग रखा हुआ है। करीब तीस फीट की ऊंचाई से अतुलित गिरा था और उसके सिर में गंभीर चोट थी। उसने आत्महत्या की या फिर वह हादसे का शिकार हुआ पुलिस जांच कर रही है।

## पोषण एवं स्वास्थ्य मिलेट्स के साथ विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पोषण एवं स्वास्थ्य विषय के अंतर्गत मिलेट्स की उपयोगिता पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन नर्मदापुरम संभाग के केसला ट्राइबल ब्लॉक में स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से मध्यप्रदेश की अग्रणी स्वैच्छिक संस्था आशा स्मिता फाउंडेशन के द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में पोषण एवं स्वास्थ्य क्षेत्र की विशेषज्ञ स्मिता सक्सेना ने कहा कि मिलेट्स के अनगिनत फायदे हैं, इनमें प्रचुर मात्रा में सभी तरह के विटामिन, मिनरल्स,डाएटरी फाइबर्स एवं माइक्रोन्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं जो कि ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल सहित अनगिनत बीमारियों पर नियंत्रण पाने में सहायक होते हैं। मिलेट्स के सेवन से ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज, कैंसर, अल्जाइमर, पार्किनसन्स सहित अनेकों रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। कार्यशाला के द्वितीय दिवस में स्वच्छता एवं हैंड हाइजीन विषय पर आयोजित सत्र में संजीव राय ने स्वच्छता पर व्याख्यान देते हुए वैज्ञानिक तरीके से सुव्यवस्थित हाथ धोने की तकनीक का प्रशिक्षण दिया।








स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022